"मोबाइल सिक्यूरिटी और कंप्यूटर साइंस में करियर" पर कॉलेज में विशेष अतिथि व्याख्यान

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में कम्प्यूटर साईंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 5 मार्च 2025 को "मोबाइल कम्प्यूटिंग और कंप्यूटर साइंस में करियर" विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । यह व्याख्यान छात्रों को मोबाइल तकनीक, ऐप्लिकेशन डेवलपमेंट, क्लाउड कम्प्यूटिंग, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में करियर के अवसरों के बारे में जागरूक कराया।

इस व्याख्यान में प्रमुख विशेषज्ञ गणेश राम नायक सहायक प्राध्यापक, शास. महिला पी.जी. महाविद्यालय दुर्ग , छात्रों को मोबाइल कम्प्यूटिंग के बढ़ते महत्व और इस क्षेत्र में करियर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। यह कार्यक्रम उन छात्रों के लिए खास तौर पर लाभकारी रहा, जो कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के इच्छुक है और नवीनतम तकनीकी रुझानों के बारे में जानकारी प्राप्त करना चाहते थे।

कार्यक्रम में छात्रों को अपने सवाल पूछने और विशेषज्ञों से सीधा संवाद करने का अवसर भी मिला। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ. लातिका ताम्रकार, श्री दिलीप साहू एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रतिभा वर्मा, श्री जयनेंद्र श्रीवास, राधिका साहू, अम्बे साहू, मेघराज सोनी, शिप्रा प्रधान एवं लक्ष्मण देवांगन के साथ BCA , PGDCA तथा BSc विद्यार्थी सम्मिलित हुए । कार्यक्रम के अंत में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सनतकुमार साहू ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




